**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 04-08-2025**

- **डीआईजी बस्ती द्वारा मा0 राज्यपाल महोदया जी के कल आगमन के दृष्टिगत पुलिस लाइन बस्ती में अधिकारी कर्मचारी गण को किया गया ब्रीफ।**
- **मंडलायुक्त व डीआईजी बस्ती द्वारा कार्यक्रम स्थलो व रूट/सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा ।**
- **कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने हेतु संबंधित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

आज दिनांक 04.08.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा मा0 राज्यपाल महोदया श्रीमती आनन्दी बेन पटेल उ0प्र0 सरकार के जनपद बस्ती में कल दिनांक 05.08.2025 को प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत पुलिस लाइन बस्ती में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक बस्ती के साथ अधिकारी व कर्मचारीगण को ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ किया गया।

ततपश्चात मंडलायुक्त व डीआईजी बस्ती द्वारा कार्यक्रम स्थलों कृषि विज्ञान केन्द्र बंजरिया, अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह आदि का भ्रमण कर रुट/सुरक्षा व्यवस्था एवं तैयारियों का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी मे लगे सभी संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण को कार्यक्रम स्थल, सुरक्षा व्यवस्था व रूट व्यवस्था में सतर्क दृष्टि रखते हुए मा0 राज्यपाल महोदया जी के कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक आदेश-निर्देश दिया गया ।

इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक विभाग के अधिकारी /कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**